(a) एस. आइ. ई. आर. टी. उदयपुर
(b) आई. ए. एस. ई. बीकानेर
(c) डी. आइ. ई. टी. (डाइट) जयपुर
(d) आर. आई. ई. अजमेर

**RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018**

**Ans. (a) :** राजस्थान में विद्यालय एवं अध्यापक शिक्षा के योजना निर्माण, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के लिए सर्वोच्च शैक्षणिक संगठन राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण स्थान (SIERT), उदयपुर है। इसकी स्थापना 11नवम्बर 1978 में मेहरोत्रा समिति की सिफारिश पर की गई थी।

**23. सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण हेतु, निम्नांकित में से कौन सा जिला सी. टी. ई. (शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय) हटूण्डी के अंतर्गत नहीं आता है?**

(a) टोंक (b) नागौर
(c) भीलवाड़ा (d) कोटा

**RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018**

**Ans. (d) :** सी.टी.ई. (शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय) हटूण्डी, राजस्थान राज्य के अजमेर जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1993 ई. में हुई थी। इसका कार्य सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करना है। इसका कार्यक्षेत्र अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर,पाली और टोक तक विस्तृत है। कोटा जिला इसके अन्तर्गत नहीं आता।

**24. निम्न में से कार्बन परमाणु द्वारा कौन सी संकर अवस्था नहीं दर्शायी जाती है?**

(a) $sp^3$ (b) sp
(c) $sp^2$ (d) $sp^3d$

**वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)**

**Ans. (d) :** कार्बन एक महत्वपूर्ण रासायनिक तत्व है जो जैविक क्रियाओं के लिए आवश्यक होता है कार्बन परमाणु विभिन्न आर्विटल्स को मिलाकर बांड बनाते है। कार्बन परमाणु द्वारा sp,$sp^2$ तथा $sp^3$ संकर अवस्था बनाई जाती है।

**25. 'मेवाड़ पुकार' 21 सूत्री मांगपत्र का संबंध किससे था-**

(a) माणिक्य लाल वर्मा (b) साधु सीताराम दास
(c) विजय सिंह पथिक (d) मोतीलाल तेजावत

• **Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016**

**Ans. (d) –** 'मेवाड़ पुकार' 21 सूत्री मांगपत्र का संबंध मोतीलाल तेजवात से है। मोतीलाल तेजावत ने भीलों को अन्याय, अत्याचार व शोषण से मुक्त करने के लिए 1921 ई. में मातृकुण्डिया से 'एकी' आंदोलन चलाया। मोतीलाल तेजावत के नेतृत्व में आदिवासियों ने 21 सूत्री मांगों को लेकर उदयपुर में धरना दिया जिसमें से मेवाड़ महाराणा ने 18 मांगें स्वीकार की। मोतीलाल तेजावत को आदिवासियों का मसीहा या बाव जी कहा जाता है।

**26. निम्न में से जवाई नदी किस नदी की सहायक नदी है?**

(a) माही (b) लूणी
(c) बनास (d) सूकड़ी

**कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020**

**Ans. (b) –** जवाई नदी लूनी की सहायक नदी है। यह नदी अरावली शृंखला से निकलती है तथा लूनी नदी में मिल जाती है।

**27. निम्नलिखित में से कौन-सी बकरी की नस्ल है?**

(a) मालवी (b) मारवाड़ी
(c) पूंगल (d) गिर

**कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (b) –** मारवाड़ी बकरी की नस्ल है। बकरी की अन्य नस्ले हैं– बडवारी, अलवरी, सिरोही, झरवाड़ी, परबतसरी है। मालवी एवं गीर गाय की नस्ल, पूगल भेड़ की नस्ल हैं।

**28. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में आयोजना बनाने, सम्पादन करने व क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निम्नलिखित में से किसकी है?**

(a) ग्राम सभा (b) ग्राम पंचायत
(c) राज्य सरकार (d) जिला ग्रामीण विकास अभिकरण

**उत्तर** – (d)

**RPSC RAS/RTS 2012**

**व्याख्या –** 2 फरवरी, 2006 ई. को आंध्र प्रदेश के अनन्तपुर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का शुभारम्भ किया गया। इसकी योजना बनाने, सम्पादन करने व क्रियानवयन की जिम्मेदारी जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण की है।

**29. 2013-14 के बजट भाषण में राजस्थान के वित्त मंत्री ने'मनरेगा' के अंतर्गत कितने अतिरिक्त रोजगार की घोषणा की?**

(a) 50 दिन (b) 100 दिन
(c) 150 दिन (d) 200 दिन

**उत्तर** – (a)

**RPSC RAS/RTS 2013**

**व्याख्या –** वर्ष 2013-14 के बजट भाषण में महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अंतर्गत 50 दिन का अतिरिक्त रोजगार राज्य सरकार के खर्चे से राज्य के कामगारों को दी जाने की घोषणा की गयी थी। बजट में इस योजना हेतु 100 करोड़ रु. की परिसम्पत्ति निर्माण निधि का गठन किया गया था। राजस्थान बजट 2021-22 में 100 दिन अतिरिक्त रोजगार बढ़ाकर मनरेगा का कुल कार्य दिवस राजस्थान में 200 दिन कर दिया गया।

**30. राजस्थान में सर्वाधिक वन क्षेत्र है-**

(a) उदयपुर एवं राजसमंद जिलों में
(b) कोटा एवं बारा जिलों में
(c) चित्तौड़गढ़ जिले में
(d) सवाई माधोपुर और करौली जिलों में

**उत्तर :** (a)